भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 5631

दिनांक 27 मार्च, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

केरल के लिए एम्स की मंजूरी

†5631. श्री कोडिकुन्नील सुरेशः

एडवोकेट अदूर प्रकाशः

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या केन्द्र सरकार को केरल राज्य सरकार से राज्य में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की स्थापना के लिए प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं;
(ख) यदि हां, तो राज्य सरकार द्वारा सुझाए गए स्थानों सहित प्राप्त प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है तथा उनके विचार की वर्तमान स्थिति क्या है;
(ग) क्या केन्द्र सरकार का लंबे समय से चली आ रही मांग और इस तथ्य पर विचार करते हुए कि राज्य सरकार द्वारा पहले ही प्रस्ताव प्रस्तुत कर दिया गया है, केरल के लिए अविलम्ब एक एम्स स्वीकृत करने का विचार है,
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसके अनुमोदन एवं स्थापना की संभावित समय-सीमा क्या है;
(ङ) यदि नहीं, तो बार-बार अनुरोध किए जाने के बावजूद केरल के लिए एम्स को मंजूरी देने में विलंब के क्या कारण हैं और केन्द्र सरकार द्वारा इस मामले के समाधान के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और
(च) क्या केन्द्र सरकार को इस बात की जानकारी है कि केरल राज्य को एम्स जैसे उत्कृष्ट संस्थान की सख्त जरूरत है जो राज्य में दुर्लभ वायरल रोगों की घटनाओं को देखते हुए एक अनुसंधान केन्द्र के रूप में भी कार्य कर सके, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) से (च) प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) का उद्देश्य देश के भिन्न-भिन्न भागों में सस्ती और विश्वसनीय विशिष्ट स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता में क्षेत्रीय असंतुलन को दूर करना और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा के लिए सुविधाओं को बढ़ाना है। वर्ष 2016 में, केरल सरकार ने राज्य में एम्स की स्थापना के लिए निम्नलिखित स्थानों पर चार स्थलों की पहचान की और उनका प्रस्ताव रखा: (i) कोझिकोड जिले में किनालूर, (ii) तिरुवनंतपुरम जिले में कट्टाकड़ा तालुक, (iii) कोट्टायम जिला और (iv) एर्नाकुलम जिला। वर्ष

2025 में, केरल सरकार ने एम्स की स्थापना के लिए कोझिकोड जिले के किनालूर में भूमि की पहचान के बारे में सूचित किया। हालांकि, केरल में एम्स की स्थापना का प्रस्ताव अभी स्वीकृत नहीं हुआ है।

इसके अतिरिक्त, केरल में विशिष्ट स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ और उन्नत बनाने के लिए, पीएमएसएसवाई के एक अन्य घटक के तहत, केंद्र-राज्य लागत साझाकरण के आधार पर निम्नलिखित सरकारी मेडिकल कॉलेजों में सुपर स्पेशयलिटी ब्लॉक (एसएसबी) का निर्माण कर उन्नयन को मंजूरी दी गई है: (i) त्रिवेंद्रम मेडिकल कॉलेज, त्रिवेंद्रम (ii) टीडी मेडिकल कॉलेज, अलाप्पुझा (iii) कोझिकोड मेडिकल कॉलेज, कोझिकोड। इसके अतिरिक्त, भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के बीच लागत साझाकरण के आधार पर श्री चित्रा तिरुनल इंस्टीट्यूट फॉर मेडिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी (एससीटीआईएमएसटी), त्रिवेंद्रम में सुपर स्पेशयलिटी ब्लॉक (एसएसबी) का निर्माण कर उन्नयन को भी मंजूरी दी गई है।

***